## महत्वपूर्ण एवं खास

### 7 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार, जूटमिल पुलिस ने भेजा रिमांड पर



**रायगढ़।** चौकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक उत्तम साहू के नेतृत्व में दिनांक 04.04.2020 को मुखबिर सूचना पर छातामुडा गेट के पास एक व्यक्ति को सांगीतराई तरफ से छातामुडा की ओर पैदल एक थैला में महुआ शराब लेकर आते हुये पकड़े। आरोपी ठंडाराम सिदार पिता अमर सिंह सिदार उम्र 26 वर्ष निवासी छातामुडा डबरीपार चौकी जूटमिल के पास से एक 10 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक के संफेद रंग के जरिकेन में मिले लगभग 07 लीटर महुआ शराब को विधिवत जप्त किया गया है। शराब रेड कार्रवाई में प्रधान आरक्षक कृष्ण कुमार गुप्ता, आरक्षक प्रकाश गिरी गोस्वामी, किर्तन यादव शामिल थे।

### लेखन एवं स्टेशनरी सामग्री विक्रेताओं से 20 अप्रैल तक निविदा आमंत्रित

**रायगढ़।** जिला कार्यालय रायगढ़ सहित जिले के विभिन्न विभागीय कार्यालयों के लिये वर्ष 2022-23 हेतु लेखन एवं स्टेशनरी सामग्री क्रय तथा कम्प्यूटर कार्ट्रेज का रिफिलिंग किये जाने हेतु दर अनुमोदन कर घोषित किया जाना है, जिसके लिये समस्त स्थानीय लेखन सामग्री विक्रेताओं से निविदा आमंत्रित किया गया है। इच्छुक व्यक्ति निविदा सीलबंद लिफाफे में 20 अप्रैल 2022 को दोपहर 2 बजे तक जिला कार्यालय रायगढ़ में जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। निविदा 20 अप्रैल को ही अपरान्ह 4 बजे निविदाताओं के समक्ष खोली जायेगी। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिये कलेक्टर कार्यालय, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### एकलव्य विद्यालय: अतिथि शिक्षक नियुक्ति हेतु 8 अप्रैल को इंटरव्यू

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के अंतर्गत एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छोटेमुड़पार, बायसी, छर्राटांगर, हीरापुर में अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की जानी है। जिसके लिए 8 अप्रैल 2022 को प्रात:10.30 बजे से शिक्षकों का इंटरव्यू प्री.मै.आदिवासी बालक छात्रावास रायगढ़ क्रमांक 2 के मीटिंग हॉल में आयोजित की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी स्वीकृत पद अनुसार अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों एवं अनुभव प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित हो सकते है। विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था हेतु सत्र 2022-23 के लिए अतिथि शिक्षकों को प्रति कालखण्ड अनुसार टीजीटी वर्ग 200 रुपये एवं पीजीटी वर्ग 250 रुपये की दर से की जाएगी। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### भेलवाटिकरा में उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत विकासखण्ड रायगढ़ के ग्राम पंचायत भेलवाटिकरा में शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक सहकारी सोसायटियां/ महिला स्व-सहायता समूह, ग्राम पंचायत एवं अन्य उपभोक्ता सोसायटी 7 दिवस के भीतर कार्यालयीन समयावधि में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायगढ़ में आवेदन जमा कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

# मरीजों को हाट-बाजार क्लिनिक में मिले स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स से उपचार की सुविधा-कलेक्टर भीम सिंह

**❑ कलेक्टर भीम सिंह ने ली समय-सीमा की बैठक**



**रायगढ़।** हाट-बाजार क्लिनिक में रोस्टर तैयार कर स्त्री रोग, शिशु रोग, नेत्र रोग तथा अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच व उपचार की सुविधाएं मरीजों को उपलब्ध कराएं। इसके लिए शासकीय के साथ-साथ निजी चिकित्सकों की भी सेवाएं ली जाए। जिससे दूर-दराज के निवासियों को घर के पास ही स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स से नि:शुल्क इलाज का लाभ मिले। उक्त निर्देश कलेक्टर सिंह ने आज समय-सीमा की बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि गौठानों के संचालन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जिले में 8 अप्रैल को 'गौठान पहुंच दिवस' मनाया जाएगा। जिसमें जिले में संचालित सभी गौठानों में एक ही दिन में पूरे जिले के विभिन्न अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर वहां मौजूद सुविधाओं और संचालन ओर फीडबैक दिया जाएगा। जिसके आधार पर गौठान का संचालन अधिक सुदृढ किया जा सके। कलेक्टर सिंह ने गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों के नियमित भुगतान पर विशेष जोर दिया। उन्होंने वन विभाग के गौठानों में भी सक्रिय रूप से गोधन न्याय योजना के संचालन की बात कही। कलेक्टर सिंह ने जिले के सभी स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों और आश्रम छात्रावासों को मैपिंग कर पास के गौठानों और बाड़ियों से लिंक करने के लिए कहा जिससे कि वहां से ताजा सब्जियां व दूसरे उत्पाद सीधे सप्लाई हों। उन्होंने सी मार्ट के भवन निर्माण का कार्य भी जल्द प्रारम्भ करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने धान का उठाव जल्द पूरा करने के लिए खाद्य व सहकारिता विभाग को निर्देशित किया। उन्होंने राशन कार्ड में नाम जोडऩे, त्रुटि सुधार व राशन कार्ड बनाने के कार्य की भी समीक्षा की और ग्रामीण इलाकों के साथ विशेष रूप से नगरीय निकायों में राशन कार्ड से जुड़े कार्य तेजी से पूर्ण करने के लिए कहा।

बैठक के दौरान कलेक्टर सिंह ने जिले के पर्यटन स्थलों पर बुनियादी सुविधाओं जैसे पेयजल व प्रसाधन सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने जिन पर्यटन स्थलों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है वहां प्राथमिकता से ये सुविधाएं विकसित करने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। रनिंग वाटर सप्लाई की समीक्षा करते हुए उन्होंने जल जीवन मिशन के डीपीआर निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए साथ ही स्कूल, आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य केंद्रों में भी रनिंग वाटर सप्लाई का काम जल्द पूरा करने के लिए कहा।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मंडावी, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

मनरेगा में सबसे अधिक मानव दिवस सृजित करने वाला जिला रायगढ़

बैठक में पूरे प्रदेश में इस वित्तीय वर्ष में सबसे अधिक 80 लाख मानव दिवस सृजित करने पर कलेक्टर भीम सिंह ने सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल तथा उनके नेतृत्व में काम कर रही टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह जिले के लिए बड़ी उपलब्धि है।

समय सीमा में हितग्राहियों को मिले लोक सेवा गारंटी की सेवाएं

कलेक्टर सिंह ने लोक सेवा गारण्टी के तहत विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि लोक सेवा गारण्टी के तहत मिलने वाली सेवाओं के आवेदन प्राप्ति के बाद तत्काल ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करें। किसी आवेदक द्वारा सेवा का लाभ लेने के लिए आवेदन के साथ सभी दस्तावेज नही लगाए गए हैं तो तत्काल उसकी सूचना आवेदक को दी जाए और सभी जरूरी दस्तावेज उनसे लेकर प्रकरण का निराकरण किया जाए। जिससे समय सीमा में हितग्राही को उस सेवा का लाभ मिल सके।

## शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय पदों पर प्रतिनियुक्ति के लिए वॉक इन इंटरव्यू कल

**❑ प्रदेश के अन्य जिलों में कार्यरत शिक्षक व कर्मचारी भी दे सकते है साक्षात्कार**




**रायगढ़।** जिला रायगढ़ में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय योजनांतर्गत आगामी सत्र से प्रारंभ होने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय रायगढ़/शासकीय नटवर उ.मा.वि.रायगढ़/स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, रायगढ़ के हिन्दी माध्यम में शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय पदों पर प्रतिनियुक्ति हेतु 7 अप्रैल 2022 को प्रात: 10.30 से अपरान्ह 3 बजे तक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ में वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से साक्षात्कार आयोजित की जाएगी। जिसमें प्रतिनियुक्ति हेतु इच्छुक जिले में कार्यरत शासकीय शिक्षकों/कर्मचारियों के अतिरिक्त अन्य जिले में कार्यरत शिक्षक/ कर्मचारी भी सीधे साक्षात्कार में उपस्थित हो सकते हैं। अन्य जिले के आवेदकों को अपने जिले के जिला शिक्षा अधिकारी का अनापत्ति प्रमाण पत्र साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

## पुरानी रंजीश पर युवक की हत्या: फरार दोनो आरोपियों चक्रधरनगर पुलिस ने किया गिरफ्तार



**रायगढ़।** दिनांक 05.04.2022 के सुबह करीब 10:30 बजे थाना चक्रधरनगर अन्तर्गत रेल्वे फाटक के पास, मुर्गा मार्केट में विनोद सिल के मुर्गा दुकान पर मुर्गा काटने के लिये रखे चापड से युवक के गले पर मारकर हत्या कर दिया। घटना की सूचना पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा तत्काल कंट्रोल रूम को शहर में नाकेबंदी का पाइंट देकर सीएसपी एवं थाना प्रभारी चक्रधरनगर को शीघ्र आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी का निर्देश दिया गया। चक्रधरनगर पुलिस द्वारा फरार दोनों आरोपियों की सरगर्मी से पतासाजी में जुट गई जिन्हें शीघ्र हिरासत में लेकर थाना लाया गया। आज शाम दोनों आरोपियों को हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर 14 दिवस न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

घटना के संबंध में मुर्गा दुकान चलाने वाले अजय लहरे पिता ननकी लहरे उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम टारपाली डिपापारा थाना चक्रधरनगर में रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि आज दिनांक 05.04.2022 को सुबह करीब 10:30 बजे दुकान में कृष्णजाल पिता ललित जाल उम्र 28 साकिन अम्बेडकर आवास ITI कालोनी के पास थाना चक्रधरनगर (मृतक) घुमने आया था उसके थोड़ी देर बाद करीब 11:00 बजे ITI कालोनी के नंद किशोर भुईहर एवं धन्नू घसिया एक्टीवा मोटर सायकल CG13-AD/0516 से दुकान में आये एवं पुरानी रंजिश की बात को लेकर दोनों कृष्णा जाल को गाली गलौच करने लगे इसी दौरान अचानक नंद किशोर भुईहर दुकान में रखे मुर्गा काटने के लोहे के धारदार चापड को उठाकर कृष्णा जाल के बांये गर्दन में जोर से मारकर दोनो भाग गये थे। आहत कृष्णजाल को हास्पिटल लेकर गये, जहां उसे डॉक्टर द्वारा फौत होना बताया गया। मृतक के भाई ने बताया कि होली के समय नंद किशोर भुईहर उर्फ लोलू का कृष्णजाल से झगड़ा विवाद हुआ था, तब से नंद किशोर, कृष्णजाल से रंजीश रखता था। थाना चक्रधरनगर में आरोपियों पर हत्या का अपराध दर्ज कर दोनों आरोपी (1) नंद किशोर भुईहर पिता सहदेव भुईहर 20 साल (2) धन्नु घसिया पिता गोवर्धन घसिया 24 साल दोनों निवासी ITI कालोनी थाना चक्रधरनगर को गिरफ्तार कर 14 दिवस न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

## खाना नहीं बनाने की विवाद को लेकर पत्नी की हत्या, आरोपी पति गिरफ्तार

**0 लैलूंगा के ग्राम टटकेला की घटना, लोहे की पाइप से आरोपी ने दिया घटना को अंजाम**



**रायगढ़।** दिनांक 04.04.2022 को थाना लैलूंगा के ग्राम टटकेला मुड़ापारा में एक युवक द्वारा उसकी पत्नी की फुकनी (लोहे का पाईप) से सिर में चोट पहुंचाकर हत्या कर दिया है कि सूचना पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित कर थाना प्रभारी लैलूंगा अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। मृतिका के राधा डेलकी पति फुलेश्वर डेलकी उम्र 25 साल की जानकारी हुई।

थाना प्रभारी लैलूंगा मृतिका के वारिसान एवं उसके घर आसपास रहने वालों से पूछताछ करने पर मृतिका के ससुर कमल साय डेलकी बताया कि दो लड़का फुलेश्वर एवं खुलेश्वर हैं। फुलेश्वर का शादी हो गया है, सोमवार दिनांक 04/04/2022 को सुबह पत्नी प्रेमवती के साथ महुआ बिनने जंगल गया था। लड़का फुलेश्वर एवं बहु राधा घर में थे। शाम करीब 05/00 बजे महुआ बिनकर वापस घर आया तो रजाउ डेल्की बताया कि दोपहर करीब 02/00 बजे फुलेश्वर पत्नी राधा को लड़ाई झगड़ा कर मारपीट किया जिससे राधा मर गयी।

लैलूंगा पुलिस द्वारा आरोपी फुलेश्वर डेलकी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी फुलेश्वर बताया कि सुबह घर से निकला और गांव में दोस्तों के साथ था, दोपहर करीब 12.00 बजे घर आया तो पत्नी राधा खाना नहीं बनाई थी, अभी तक खाना क्यों नहीं बनाई हो कहने पर दोनों में झगड़ा विवाद हुआ। तभी गुस्से में आकर फुकनी से राधा के मुंह, कान, गाल के पास मारा जो वहीं गिरकर बेहोश हो गई। आरोपी फुलेश्वर डेलकी उर्फ झोरा पिता कमलसाय डेलकी उम्र 27 वर्ष साकिन टटकेला मुड़ापारा थाना लैलूंगा को हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया है, आरोपी से घटना में प्रयुक्त लोहे का पाइप की जब्ती की गई है, आरोपी को शीघ्र न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जावेगा।

आरोपी पतासाजी गिरफ्तारी में थाना प्रभारी लैलूंगा आर.एन. साय, उपनिरीक्षक बी.एस. पैंकरा, प्रधान आरक्षक सोमेश गोस्वामी, आरक्षक हिलारियुस की अहम भूमिका रही है।

## गुम इंसान जांच में पुसौर, जूटमिल और सरिया पुलिस को मिली सफलता

**❑ एसपी अभिषेक मीणा के निर्देशन बाद गुम इंसान मामलों की जांच में आई तेजी**



**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा द्वारा गुम नाबालिगों के मामलों को काफी गंभीरता से लिया जा रहा है। उनके द्वारा प्रतिदिन थानावार लंबित एवं दस्तयाब हुये प्रकरणों की समीक्षा कर लंबित मामलों में लगातार पतासाजी विवेचना कर गुम नाबालिग की दस्तयाबी हेतु प्रभारियों को निर्देशित गया है।

इसी क्रम में थाना प्रभारी पुसौर उप निरीक्षक गिरधारी साव द्वारा थाना पुसौर के अप.क्र. 18/2022 धारा 363 IPC के मामले में लापता बालिका को चन्द्रपुर में दस्तयाब किया गया है। बालिका के परिजन दिनांक 17.01.2022 को थाना पुसौर में बालिका के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। घर भागकर बालिका अपने जान परिचित के यहां रहना बता रही है। बालिका का महिला पुलिस अधिकारी से कथन, मेडिकल एवं बाल कल्याण समिति के पास कथन बाद परिजनों के सुपुर्द किया गया है। वहीं चौकी जूटमिल क्षेत्र से लापता 14 वर्षीय बालक को जूटमिल पुलिस द्वारा आज रायपुर से दस्तयाब कर लाया गया है। बालिका की मां दिनांक 03.04.2022 को चौकी जूटमिल में बालक के बिना बताये घर से चले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। चौकी प्रभारी टीआई उत्तम साहू द्वारा बालक के दोस्तों रिस्तेदारों से पूछताछ कर बालक के रायपुर चले जाने की जानकारी मिलने पर स्टाफ बालक को रायगढ़ लाने रायपुर भेजा गया।

इसी क्रम में सरिया पुलिस द्वारा थाना सरिया के गुम इंसान क्रमांक 09 /2022 की गुम इंसान रजनी सहिस पिता आदरम सहिस उम्र 24 वर्ष साकिन ग्राम अमेरी थाना सरिया को रायगढ़ से दस्तयाब किया गया है। रजनी सहिस के परिजन दिनांक 03.04.2022 को थाना सरिया में गुम इंसान रिपोर्ट दर्ज कराया गया था।

## मनरेगा कर्मियों की हड़ताल से कामकाज ठप



**कोरबा।** राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना में काम कर रहे अधिकारी और कर्मचारियों ने 2 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया है। इसके चलते मनरेगा से संबंधित कामकाज ठप हो गए हैं। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि आने वाले दिनों में स्थिति और भी ज्यादा बदतर होने वाली है।

कोरबा के तानसेन चौराहा पर मनरेगा अधिकारी और कर्मचारी संघ के द्वारा अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है। कोरबा जिले के अंतर्गत आने वाले पांच विकासखंड के कर्मचारी इसमें शामिल हैं। कर्मचारी संगठन के जिला अध्यक्ष विपिन सोनी ने बताया कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने से पहले जन घोषणापत्र जारी किया था जिसमें मनरेगा कर्मचारियों के नियमितीकरण और वेतन बढ़ोतरी की बात की गई थी। सरकार बनने के बाद जन घोषणा पत्र को भुलाने की कोशिश की जा रही है। मनरेगा कर्मचारी संघ ने बताया कि कोरोना कालखंड में लोगों का जीवन स्तर ठीक करने के लिए मनरेगा की योजनाओं को चलाने के लिए हम लोगों ने काफी प्रयास किया। हड़ताल के कारण मनरेगा की स्थिति खराब हो गई है आने वाले समय में इस पर और खराब असर पडऩे वाला है। मनरेगा कर्मियों की हड़ताल के कारण कामकाज पर प्रभाव पडऩे के बावजूद किसी प्रकार का विकल्प नहीं अपनाया गया है। देखना होगा कि सरकार इन कर्मचारियों की मांगों को स्वीकार करती है या उन्हें अपने हाल पर छोड़ती है।

## घरेलू नल कनेक्शन विस्तार के लिए बनाकर कार्यों को करते जाए पूर्ण- कलेक्टर

**❑ कलेक्टर सिंह ने ली जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक**



**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने जिला जल स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर सिंह ने जल जीवन मिशन के तहत घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने तय लक्ष्य अनुसार कार्यो की धीमी प्रगति पर गहरी नराजगी जताई। कलेक्टर सिंह ने ईई पीएचई परीक्षित चौधरी से कहा कि वर्क आर्डर जारी करने में तेजी लाए एवं टारगेट सेट कर कार्य करने के निर्देश दिए। जिससे जल प्रदाय कनेक्शन के लक्ष्य को पूर्ण किया जा सके। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ डॉ.रवि मित्तल भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर सिंह ने जल जीवन मिशन के तहत किये जा रहे विभिन्न कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी, स्कूलों, स्वास्थ्य केन्द्र, छात्रावास आदि स्थानों में नल के माध्यम से रनिंग वाटर के कार्य की भी जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने स्कूलों एवं आंगनबाड़ी में किए जा रहे रनिंग वाटर कार्यो के निरीक्षण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिन संस्थानों में जल आपूर्ति की सुविधा नहीं है उनकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें, साथ ही जहां काम प्रगतिरत है वहां कार्य की गुणवत्ता का निरीक्षण किया जाए। कलेक्टर सिंह ने जल एवं स्वच्छता मिशन के तहत किए जा रहे कार्यो की निविदा प्रक्रिया व वर्क आर्डर में तेजी लाने ईई पीएचई को निर्देश दिए। ईई पीएचई परीक्षित चौधरी ने बताया कि रेट्रोफिटिंग योजना के 429, सिंगल विलेज योजना के 483, सोलर योजना के 317 सहित कुल 1229 योजनाओं को प्रशासकीय स्वीकृति दी जा चुकी है तथा 412 योजनाओं की निविदा जारी की जा चुकी है। जिसमें से 629 योजनाओं का कार्यादेश जारी किया गया है। इसके अलावा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 256 योजनाओं में कार्य प्रारंभ कर दिया है। जिसमें 04 अप्रैल की स्थिति में 40 हजार 268 घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय किए जा चुका है। उन्होंने बताया कि क्रेड़ा के 270 योजनाओं के लिए राशि भी जारी किया जा चुका है। 339 योजनाओं में निविदा आमंत्रित किया गया है तथा 226 योजनाओं पर कार्यादेश जारी किया जा चुका है। इस मौके पर ईई क्रेड़ा आर.के.वर्मा, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, जल संसाधन, कृषि विभाग एवं क्रेडा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

**ब्लाकवार एजेंसियों की प्रगति की हुई समीक्षा**

कलेक्टर सिंह ने विभिन्न ब्लाकों में जल जीवन मिशन अन्तर्गत कार्यरत एजेंसियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कार्यो की डीपीआर निर्माण की लेटलतीफी पर एजेसी को जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने कार्यो की धीमी गति पर गहरी नाराजगी जताते हुए आवश्यक मैन पावर बढ़ाकर कार्यो को जल्द पूर्ण करने एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने ईई पीएचई को तय समय-सीमा में कार्य नहीं करने वाले एजेसियों पर कार्रवाही करने एवं नियमित मॉनिटिरिंग करने के लिए निर्देशित किया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480